महत्वपूर्ण एवं खास

उपचार के दौरान हाथी की मौत, वन विभाग में मचा हड़कंप

कोरबा(आरएनएस)। कोरबा वन मंडल के पिछले कई महीनों से बीमार हाथी की आखिरकार उपचार के दौरान शनिवार को मौत हो गई। बीमार हाथी का विशेषज्ञों की सलाह के आधार पर उपचार किया जा रहा था पिछले दिनों श्याम रेंज में यहां से गिर गया था। जिसके बाद उसका उपचार किया जा रहा था और यह फिर से अपने पैरों पर खड़ा हो गया था और क्षेत्र में वितरण कर रहा था शनिवार की सुबह से वन मंडल में उसकी मौत हो गई है। हाथी की मौत की सूचना पाते ही वन विभाग में हड़कंप मच गया और अधिकारी कर्मचारियों की टीम मौके पर पहुंच गई है जहां वैधानिक कार्यवाही के उपरांत मृत हाथी का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

बाइक की ठोकर से साइकिल सवार युवक की मौत

कोरबा (आरएनएस)। समलाई गांव में एक बाइक चालक की लापरवाही से घायल हुए साइकिल सवार की आखिरकार मौत हो गई। इस मामले को लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने से जुड़ा हुआ मानते हुए पुलिस ने आरोपी बाइकर्स के खिलाफ 304, आईपीसी के अंतर्गत गैर इरादतन हत्या का अपराध कायम किया है। आरोपी की तलाश जारी है, जो घटना के बाद से फरार है। पसान थाना प्रभारी ने बताया कि इस घटना में 52 वर्षीय धरमलाल यादव की मौत हो गई। पिछली शाम यह साइकिल पर सवार होकर अपने ग्राम लौट रहा था। एक स्थान पर उसे बाइक संख्या आर जे एसएस 9990 के चालक ने अपनी चपेट में ले लिया। बाइक की ठोकर से साइकिल सवार गिरने से घायल हो गया। उसे सिर और अन्य हिस्से में चोटे आयी। जिसके बाद पीड़ित को पुलिस ने अस्पताल भिजवाया, जिसकी कुछ घंटे बाद मौत हो गई। इस मामले की रिपोर्ट धरमसाय यादव निवासी समलाई के द्वारा करायी गई। इस आधार पर प्रकरण कायम कर लिया गया। बाइक नंबर का डिटेल तलाशा जा रहा है। इसके साथ आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी।

छेड़खानी का फरार आरोपी गिरफ्तार

कोरबा (आरएनएस)। विगत 6 वर्षों से छेड़खानी मामले में फरार आरोपी को केरल प्रांत से हिरासर में लेकर दर्री पुलिस की एक टीम आज सुबह कोरबा पहुंची, जिसे वैधानिक कार्रवाई करने के बाद रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2015 में लूट व छेड़खानी मामले को अंजाम देकर एक आरोपी फरार हो गया था। जानकारी के अनुसार आरोपी केरल प्रांत के त्रिवेन्द्रम में जाकर छिपा हुआ था। एसपी भोजराम पटेल के द्वारा संगीन मामलों में कार्रवाई किये जाने तथा फरार आरोपियों को पकड़े जाने के लिए जारी किये गए सख्त आदेश के परिपालन में दर्री टीआई राजेश जांगड़े ने मुखबीर से मिली सूचना पर एक टीम को केरल रवाना किया था। पुलिस की टीम आरोपी को हिरासत में लेकर कोरबा जिले के दर्री थाना पहुंच गई है।

चिटफंड कंपनियों से धन वापसी के लिए निवेशकों से आवेदन प्राप्त करने की अवधि 20 तक

रायपुर (आरएनएस)। शासन के आदेशानुसार चिटफंड कंपनियों से धन वापसी के लिए निवेशकों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्राप्त करने की अवधि 20 अगस्त की गई है। चिटफंड कंपनियों में निवेशकों की अत्यधिक संख्या को दृष्टिगत रखते हुए आवेदन प्राप्त करने की तिथि में वृद्धि की गई है। कलेक्टर रायपुर सौरभ कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त करने के लिए रायपुर जिले के तीनों अनुभाग स्तर पर अधिकारियों को अधिकृत किया गया है। रायपुर अनुभाग के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री प्रणव सिंह, आरंग अनुभाग के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) विनायक शर्मा और अभनपुर अनुविभाग के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री निर्भय साहू को अधिकृत किया गया है।

कोविड-19 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी होंगे सम्मानित

» आयुष्मान कार्ड से उपचार प्रदान करने में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले

» शासकीय चिकित्सालयों का भी किया जाएगा सम्मान

रायपुर (आरएनएस)। पुलिस परेड ग्राउंड, रायपुर में आयोजित स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह में कोविड 19 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। जिन अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा उसमें उपायुक्त (परियोजना अधिकारी)जिला पंचायत रायपुर श्री एच.के.जोशी, उप संचालक पंचायत लोकनाथ साहू, सहायक परियोजन अधिकारी जिला साक्षरता श्री चुन्नीलाल शर्मा, प्रोफेसर माइक्रोबायोलॉजी विभाग, पं.जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज रायपुर डॉ. निकिता शेरवानी, सहायक ग्रेड-3 कार्यालय उप संचालक पंचायत, रायपुर, श्री पुष्पेन्द्र कंवर, डाटा एंट्री ऑपरेटर कार्यालय उपसंचालक पंचायत, सुश्री भारती यादव, नायब तहसीलदार, रायपुर, श्री राकेश देवांगन को जिला प्रशासन की ओर से ऑक्सीजन सिलेण्डर की आवश्यकता हेतु सौंपे गये दायित्व का निष्ठापूर्वक निष्पादन करते हुये सभी शासकीय एवं गैर शासकीय अस्पतालों में समय-सीमा में

ऑक्सीजन सिलेण्डर की व्यवस्था का कार्य स्थापित करने बन के लिए, भृत्य जिला कार्यालय रायपुर, रावेन्द्र तिवारी, वार्ड बॉय, पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज रायपुर शेष नारायण सेन तथा स्वीपर, पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज रायपुर गोविंद कुमार को सम्मानित किया जाएगा। इसी तरह युवा पहल कोरोना वारियर्स स्वयंसेवी संस्था, रायपुर श्री राहुल शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक लाइन रायपुर मणिशंकर चंद्रा, थाना प्रभारी तेलीबांधा रायपुर निरीक्षक सोनल ग्वाला, थाना मौदहापारा चैकी प्रभारी मेकाहारा सवनी मंशाराम ध्रुव को सम्मानीत किया जाएगा। इसी तरह समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट रायपुर सुश्री मनजीत कौर बल, कोरोना वारियर स्वयंसेवी सर्वश्री संदीप सिरमौर, विकास अग्रवाल, बलविंद सिंह अरोरा, बलजीत सिंह चावला और तीरथ साहू को कोरोना काल के दौरान जनसेवा के लिए सम्मानित किया जाएगा। अजीम प्रेम जी फाउंडेशन फॉर डेवलपमेंट रायपुर के श्री सुनील शाह, सी.जी.एम. एन.एम.डी.सी. लिमिटेड हैदराबाद संस्था, श्री पंकज शर्मा को सम्मानित किया जाएगा।

इसी तरह आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ.खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत मरीजों का आयुष्मान कार्ड से उपचार प्रदान करने में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शासकीय चिकित्सालयों को सम्मानित किया जाएगा। इसके तहत शहीद महेन्द्र कर्मा स्मृति चिकित्सालय जगदलपुर, बैरिस्टर छेदीलाल स्मृति जिला चिकित्सालय जांजगीर-चांपा, सिविल अस्पताल बलौदाबाजार-भाटापारा तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुटरू, बीजापुर शामिल है।

आत्मसमर्पित 14 नक्सलियों को आयुष्मान कार्ड का किया वितरित

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले के किरन्दुल क्षेत्रांतर्गत आत्मसमर्पित नक्सली/संघम सदस्यों के द्वारा नक्सलियों की खोखली विचारधारा को छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने पर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा उनकी चिकित्सा सुविधाओं का लाभ दिलवाने के लिए आत्मसमर्पित नक्सलियों का आयुष्मान कार्ड बनवाया गया जिसे आज पुलिस अधीक्षक द्वारा किरन्दुल थाना में आत्मसमर्पित 14 नक्सलियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किया गया। एसपी ने बताया कि किरन्दुल क्षेत्र में आत्मसमर्पित किये 109 नक्सलियों का आयुष्मान कार्ड बनाई जा चुकी है। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जायसवाल,अनुविभागीय पुलिस अधिकारी देवांश सिंह राठौर,किरन्दुल थाना प्रभारी उपनिरीक्षक शशिकांत टंडन एवं जिला पुलिस बल मौजूद थे।

दर्शनार्थियों से भरी पिकअप पलटी, 10 घायल व 3 गंभीर

कोरबा(आरएनएस)। तखतपुर से चैतुरगढ़ दर्शन करने जा रहे दर्शनार्थियों की पिकअप सैला के डीएवी स्कूल के पास बेकाबू होकर पलट गई। घटना में 10 लोग घायल हो गए। इनमें 3 की गंभीर स्थिति देख उन्हें बिलासपुर रेफर किया गया है। पाली पुलिस के मुताबिक कोसभट्ठी तखतपुर से शुक्रवार को करीब 20 लोग चैतुरगढ़ मंदिर में दर्शन करने के लिए पिकअप में आ रहे थे।

शुक्रवार दोपहर में उनकी पिकअप पाली के सैला गांव के डीएवी स्कूल के पास पहुंची थी। इस दौरान रफ्तार अधिक होने के कारण ब्रेकर में पिकअप उछलकर बेकाबू हो गई। इससे सड़क से उतरकर पिकअप पलट गई। उसमें सवार 10 यात्री घायल हो गए। सभी को सीएचसी पाली में भर्ती कराया गयाए जहां से गंभीर रूप से घायल 3 लोग 26 वर्षीय हलषष्ठी, 18 वर्षीय कुमारी शशी और 39 वर्षीय उत्तरा बाई को सिम्स बिलासपुर रेफर कर दिया गया। वहीं सामान्य रूप से घायल द्वारिका प्रसाद, मीनाक्षी, धनेश्वरी, प्रमोद कुमार, सरिता, परमेश्वरी, कलाबाई व छोटे लाल को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। पाली पुलिस ने मामले में पिकअप चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से कृषक प्रतिनिधियों ने की मुलाकात

» जैविक खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने की अपील

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से यहां उनके निवास कार्यालय में राजनांदगांव जिले से आए जनप्रतिनिधियों एवं कृषक प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने जिले में शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी दी। कृषक प्रतिनिधियों ने सुराजी गांव योजना के नरवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी कार्यक्रम के माध्यम से गांव में पशुपालन एवं जैविक खेती को मिल रहे प्रोत्साहन के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार जताया।

इस अवसर पर मोहला के जनपद सदस्य एवं प्रगतिशील कृषक मोहरू कोमेटी ने मुख्यमंत्री को बताया कि उन्होंने ग्राम रामगढ़ स्थित अपने ढाई एकड़ खेत में जैविक धान की खेती की है। जुलाई में उन्होंने धान का रोपा लगाया था। अभी धान के पौधे में शाखाएं फूटने लगी है, फसल की स्थिति बहुत अच्छी है, उत्पादन अधिक होने की उम्मीद है। उन्होंने मुख्यमंत्री को जैविक पद्धति से धान की अपनी खेती का मोबाइल वीडियो भी दिखाया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जनपद सदस्य कोमेटी द्वारा रासायनिक खाद का उपयोग न करने सिर्फ जैविक खाद का उपयोग कर बेहतर खेती के लिए उनकी प्रशंसा की और इसे अनुकरणीय कहा। मुख्यमंत्री ने किसान प्रतिनिधियों को जैविक खेती के लिए किसान भाईयों को प्रेरित और प्रोत्साहित करने को कहा। कोमेटी ने बताया कि मोहला जनपद अध्यक्ष लबलू राम चन्द्रवंशी ने भी इस बार खेती में जैविक खाद का उपयोग किया है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, केन्द्रीय जिला सहकारी बैंक रायपुर के अध्यक्ष पंकज शर्मा एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

गर्भवती मादा हाथी ने बांधापारा जंगल में दिया शावक को जन्म

कोरबा(आरएनएस)। जिले के कटघोरा वनमंडल में मौजूद हाथियों के दल में एक नन्हा मेहमान आया है। बीती रात यहां के एतमानगर रेंज के बांधापारा बीट में एक मादा हाथी ने शावक को जन्म दिया। जानकारी मिलते ही वन विभाग का अमला जंगल पहुंचकर नवजात शावक व उसकी मां की निगरानी में जुटा हुआ है।

जानकारी के अनुसार एतमानगर रेंज के बांधापारा-रिंगनिया जंगल में 37 हाथियों का दल कुछ दिनों से विचरणरत है। इस दल में एक गर्भवती मादा हाथी भी शामिल थी, जिसने बीती रात शावक को जन्म दिया। मादा हाथी व उसके नवजात शावक को आज सुबह जंगल के कक्ष क्रमांक 515 में देखा गया और

इसकी सूचना रेंजर शहादत खान व वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। जिस पर अधिकारियों के निर्देश पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी जंगल पहुंचकर शावक व उसको जन्म देने वाले मादा हाथी की निगरानी कर रहे हैं। इससे पहले हाथियों के दल से एक दंतैल अलग होकर बस्ती में घुस गया था और उसने उत्पात मचाते हुए गोविंद वल्द इतवार नामक एक ग्रामीण के घर को ध्वस्त कर दिया। पीड़ित व्यक्ति ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। जिस पर कर्मी मौके पर पहुंचे और दंतैल द्वारा किये गए नुकसानी का सर्वे किया।

तनेरा व सुखरीताल में दंतैल ने तोड़े चार मकानः-उधर केंदई रेंज के फुलसर में गुरुवार को उत्पात मचाकर दो घरों को निशाना बनाने वाले दो दंतैल हाथी बीती रात आगे बढ़कर पसान रेंज की सीमा में प्रवेश कर गए और जल्के सर्किल के ग्राम तनेरा व सुखरीताल में जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान दंतैल हाथियों ने चार ग्रामीणों के मकान तोड़ दिए। इतना ही नहीं खेतों में पहुंचकर धान की फसलों को भी तहस-नहस कर दिया। हाथियों के गांव में घुसने व उत्पात मचाए जाने की जानकारी ग्रामीणों द्वारा रात में दिए जाने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी हाथी मित्रदल के सदस्यों व हुल्ला पार्टी के साथ मौके पर पहुंचे और उत्पात मचा रहे हाथियों को खदेडने की कार्यवाही की। वन विभाग द्वारा खदेड़े जाने पर हाथियों ने जंगल का रूख किया तब ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। आज सुबह नुकसानी का सर्वे किया गया और इसकी रिपोर्ट अधिकारियों को सौंपी गई। पसान रेंजर धर्मेन्द्र चौहान ने बताया कि वन्य प्राणी द्वारा जन-धन की हानि किये जाने पर वन विभाग द्वारा क्षतिपूर्ति राशि दिए जाने का प्रावधान है। सो प्रकरण बनाकर उच्चाधिकारियों के पास प्रेषित किया जाएगा।

नक्सलियों के विरोध में नक्सलियों के तर्ज पर किसी अज्ञात ने लगाया बैनर

सुकमा (आरएनएस)। स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ के 01 दिन पूर्व कोंटा नगर के बीचो-बीच स्थित बस स्टैंड में आदिवासी दिवस के लिए लगाये गये बैनर के उपर नक्सलियों के विरोध में नक्सलियों के तर्ज पर किसी ने एक बैनर लगा दिया है, जिसे नगरवासी नक्सली बैनर समझ रहे थे, लेकिन इसमें लिखे मजमून को पढ़ने से विदित हुआ कि बैनर नक्सलियों के विरोध में लगाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नक्सलियों के तर्ज पर लाल कपड़े में नक्सलियों के भाषा-शैली में लिखे बैनर में लिखा गया है कि जनताना सरकार के नाम पर माओवादी पार्टी को मजबूत करते हुए आदिवसी के चुगललली नेटवर्क के नाम से शोषण करने वाले माओवादी संगठन का विरोध करने तथा आदिवासियों के हितैसी के नाम से जनता पर हो रहे हत्याकांड का विरोध करने की बात लिखी गई है। बैनर में किसी संगठन का नाम नहीं होने के कारण पुलिस इसे नक्सली बैनर नहीं मानते हुये, अज्ञात लोगों के द्वारा लगाये जाना बता रही है। बैनर लगने की सूचना मिलने पर कोंटा पुलिस ने बैनर को बस स्टैंड परिसर से निकाल कर अपने कब्जे में लिया है।

दपूमरे में फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0 का आयोजन किया गया

» दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, महाप्रबंधक आलोक कुमार ने आज हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

बिलासपुर (आरएनएस)। केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, रेल मंत्रालय के दिशा निर्देशों के अनुसार 75वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0 का शुभारंभ किया गया । जिसमे आजादी का अमृत महोत्सव राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत 13 अगस्त से 2 अक्टूबर 2021 तक निरंतर मनाया जाएगा ।

इस कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0 का आज शुभारंभ किया गया। महाप्रबंधक आलोक कुमार के द्वारा बिलासपुर स्टेशन से सुबह 7:00 बजे हरी झंडी दिखाकर फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0 को रवाना किया गया। यह दौड़ बिलासपुर स्टेशन से प्रारंभ होकर तितली चौक के रास्ते जोनल ऑफिस जोनल ऑफिस होते हुए एन.आई. इंस्टिट्यूट ग्राउंड में समाप्त हुई । इस अवसर पर महाप्रबंधक आलोक कुमार ने फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0 के लिए समस्त रेलकर्मी उनके परिवार जन को बधाई देते हुए इसे अपने जीवन में अपनाने को कहा । उन्होंने उपस्थित रेल कर्मियों को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है और इससे किसी भी कार्य के निष्पादन में हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्राप्त होता है । प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के ऊपर कम से कम आधा घंटा रोज जरूर दिया जाना चाहिए इससे ना केवल व्यक्ति स्वस्थ रहेगा बल्कि समाज और देश की प्रगति के लिए भी यह बहुत ही आवश्यक है ।

इसके साथ ही साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर , रायपुर एवं नागपुर तीनों रेल मंडलो में आयोजन किया गया । इस फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0 दौड़ मे सेक्रो अध्यक्षा, डॉ. श्रीमती वनिता जैन एवं मुख्यालय के सभी विभागाध्यक्ष सहित अधिकारीगण सम्मलित हुए । यह आयोजन कोविड प्रोटोकॉल को पूर्णतः पालन करते हुए आयोजित किया गया। फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0 आयोजन में हमारे जीवन में रोजाना कम से कम 30 मिनट की शारीरिक गतिविधि को शामिल करने का संकल्प लेना शामिल है, यानी फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज जनमानस तक पहुचाया जाएगा।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतमूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, मान-मैरेज लॉ-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुरु सी.बी.वर्मा, श्रीमती रेकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता फैला करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आकलन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सलाहता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विभिन्न एवं तकनीकी तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

गोबर खरीदी और वर्मी खाद से ही गौठानों में आठ करोड़ रूपए से अधिक का टर्न ओवर

» पिछले एक साल में लगभग तीन करोड़ रूपए की गोबर खरीदी, पांच करोड़ रूपए से अधिक का केवल खाद बना

कोरबा (आरएनएस)। गोबर जैसी व्यर्थ समझी जाने वाली वस्तु को दो रूपए किलो में खरीदने की राज्य सरकार की गोधन न्याय योजना ग्रामीणों को रोजगार और कम समय में अधिक फायदा देने वाली साबित हो रही है। जिले के 215 गौठानों में दो रूपए किलो में गोबर खरीदकर वर्मी कम्पोस्ट बनाकर पिछले एक साल में आठ करोड़ 32 लाख रूपए से अधिक का व्यवसाय पूरा करने की ओर बढ़ रहे हैं। जिले के 200 ग्रामीण और 15 शहरी गौठानों में अभी तक 14 हजार 777 टन गोबर खरीदा गया है। लगभग साढ़े नौ हजार गोबर विक्रेताओं को दो रूपए प्रति किलो की दर से इसके लिए दो करोड़ 95 लाख रूपए का भुगतान भी कर दिया गया है।

गौठानों में स्वसहायता समूहों की महिलाओं ने खरीदे गए गोबर से तीन करोड़ 87 लाख रूपए की वर्मी.सुपर कम्पोस्ट खाद तैयार की है। स्वसहायता समूह की महिलाओं और गौठान समितियों के सदस्यों को इस खाद की बिक्री से अभी तक तीन करोड़ 67 लाख रूपए मिल गए हैं वहीं लगभग 20 लाख रूपए की खाद बिक्री के लिए गौठानों मे उपलब्ध है। गौठानों के वर्मी टांको में अभी भी खाद बनाने के लिए गोबर भरा हुआ है और अगले 15 दिनों में इन टांको से करीब डेढ़ करोड़ रूपए की लगभग एक हजार 800 टन जैविक खाद मिलने की उम्मीद है।

कोरबा जिले के 200 गौठानों में पिछले साल के हरेली त्यौहार से गोधन न्याय योजना शुरू हुई है। इस के तहत जिले में अभी तक 14 हजार 777 टन गोबर खरीदी की गई है। इसमें से केवल 11 हजार टन गोबर से वर्मी कम्पोस्ट और सुपर कम्पोस्ट खाद बनी है। 11 हजार टन गोबर से अभी तक तीन हजार 778 टन वर्मी कम्पोस्ट और 416 टन सुपर कम्पोस्ट खाद बन चुका है। इसमें से तीन करोड़ 67 लाख रूपए का खाद बेचा गया है और लगभग 20 लाख 48 हजार रूपए कीमत का खाद गौठानों में बिक्री के लिए उपलब्ध है। बाकी बचा तीन हजार 700 टन गोबर अभी गोठानों के वर्मी टांकों में भरा है जिससे अगले 15 दिनों में लगभग एक हजार 800 टन खाद बनने की संभावना है। इस तरह पिछले एक साल में ही जिले के गौठान केवल गोबर खरीदी से लेकर जैविक खाद निर्माण.बिक्री से ही लगभग आठ करोड़ 32 लाख रूपए का व्यवसाय करने की तरफ बढ़ रहे हैं। इसमें से करीब छह करोड़ 62 लाख रूपए सीधे.सीधे गोबर विक्रेताओं और गौठान में काम कर रहे महिला समूहों और गौठान समितियों के सदस्यों को मिल भी चुके हैं।